ईएसओ-16

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बीडीपी)

## सत्रीय कार्य

जुलाई 2026 और जनवरी 2027 सत्र में
प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों हेतु

## समाजशास्त्र में ऐच्छिक पाठयक्रम
## पाठ्यक्रम कोड : ईएसओ-16
## पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में सामाजिक समस्याएँ

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–160068

**कार्यक्रम कोडः बीडीपी**

**पाठ्यक्रम कोडः ईएसओ-016/सत्रीय कार्य/2026-2027**

प्रिय विद्यार्थी,

आपको समाजशास्त्र में आठ क्रेडिट वाले ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य पूरा करना होगा। यह एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी टीएमए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर प्रत्येक भाग के लिए निर्धारित शब्द-सीमा के भीतर होने चाहिए। कृप्या ध्यान रखें कि सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने के अभ्यास से आप सत्रांत परीक्षा में प्रश्नों के उत्तरों को बेहतर ढंग से लिख सकेंगे।

टीएमए को इस तरीके से तैयार किया गया है कि आप प्रश्नों की विभिन्न श्रेणियों के उत्तर लिख सकें। सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित है। भाग 1 में वर्णनात्मक श्रेणी के 20-20 अंकों के दो प्रश्न हैं। वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न का अर्थ यह है कि आपको निबंधात्मक प्रकार के उत्तर लिखने हैं और उनके आरंभ में परिचय तथा अंत में निष्कर्ष भी देना है। इससे आपके सत्रीय कार्य के मूल्यांकनकर्ता को आपकी वर्णन क्षमता का पता चलेगा कि आप विषय-विशेष को कितने व्यवस्थित क्रम से तर्कसंगत शैली में पस्तुत करते हैं और कहीं उसमें विषय भटकाव तो नहीं कर रहे हैं।

भाग 2 में मध्यम श्रेणी के 12-12 अंकों के चार प्रश्न हैं। इस भाग से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देते समय आप पहले तर्कों के आधार पर विषय का विश्लेषण करें और व्याख्या दें और फिर संक्षेप में भली प्रकार से उत्तर लिखें। इससे आपके सत्रीय कार्य के मूल्यांकनकर्ता को यह पता चल सकेगा कि आपको अवधारणाओं और प्रक्रियाओं का कितना स्पष्ट बोध है, आप उनमें कितना स्पष्ट अंतर, तुलना आदि करके अपना उत्तर प्रस्तुत कर सकते हैं।

भाग 3 में लघु श्रेणी के 6-6 अंकों क दो प्रश्न हैं। इससे व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं, शब्दों की सुनिश्चित परिभाषाओं के बारे में महत्वपूर्ण/संक्षिप्त जानकारी को याद करने संबंधी आपके कौशल में बढ़ोत्तरी होगी अथवा आपको अवधारणाओं और प्रक्रियाओं का स्पष्ट बोध हो सकेगा।

**प्रस्तुतीकरणः** पूरे किए गए सत्रीय कार्य को निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार भेजें :

| **प्रवेश चक्र** | **जमा करने की तारीख** | **किसे भेजें** |
|---|---|---|
| **जुलाई 2026 सत्र के विद्यार्थी** | **31 मार्च, 2027** | **अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास भेजें** |
| **जनवरी 2027 सत्र के विद्यार्थी** | **30 सितम्बर, 2027** | |

**जमा कराए गए सत्रीय कार्य के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद अवश्य लें और इसे अपने पास रखें।** यदि संभव हो तो सत्रीय कार्यों की प्रतिलिपि अवश्य रखें। मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र द्वारा स्त्रीय कार्यों को लौटाना होगा। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र को मूल्यांकन के बाद अंक, विद्यार्थी पंजीकरण एवं मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजना जरूरी होता है।

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**समाजशास्त्र में ऐच्छिक पाठ्यक्रम**
**ईएसओ-16 : भारत में सामाजिक समस्याएँ**
**अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए)**

**कुल अंक : 100** — **कार्यक्रम कोड : बीडीपी**
**अधिभारिता : 30%** — **पाठ्यक्रम कोड : ईएसओ–16**
**सत्रीय कार्य कोड : ईएसओ-16/सत्रीय कार्य/टीएमए/2026-2027**

## सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### खंड - 1

निम्नलिखित प्रश्नो का उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।

1. सामाजिक रूपांतरण से आप क्या समझते हैं, समाज में रूपांतरण को समझने के मॉडलों का वर्णन कीजिए। 20

2. सामाजिक समस्याओं और सामाजिक आन्दोलनों की अंतः कड़ियों की जाँच कीजिए। 20

### खंड- 2

निम्नलिखित प्रश्नो का उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।

3. भारत में जनजातियों पर वन–कटाई के प्रभाव की चर्चा कीजिए। 12

4. भारत में शहरी विकास की मुख्य समस्याओं की चर्चा कीजिए। 12

5. 'शिक्षित बेरोज़गार' की समस्याओं के परिणामों की चर्चा कीजिए। 12

6. ग्रामीण भारत में बाल श्रम के कारणों एवं द"ााओं की चर्चा कीजिए। 12

### खंड- 3

निम्नलिखित प्रश्नो का उत्तर लगभग 100 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए।

7. कि"ाोर अपराधिता क्या हैं? 06

8. प्रवसन के मुख्य कारण क्या हैं? 06